रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 8
No. of printed pages : 8

132

432 (IBD)

2016

लेखाशास्त्र (सैद्धान्तिक)
ACCOUNTANCY (THEORY)

समय : 3 घण्टे]
Time : 3 hours]

[पूर्णांक : 80
[Max. Marks : 80

निर्देश : (i) यह प्रश्न–पत्र तीन भागों में विभक्त है : 'क', 'ख' और 'ग'।
(ii) भाग 'क' सभी परीक्षार्थियों के लिए अनिवार्य है।
(iii) भाग 'ख' और 'ग' में से कोई **एक** भाग हल करना है।
(iv) किसी प्रश्न के सभी भागों के उत्तर यथासंभव साथ–साथ लिखिए।
(v) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सम्मुख दर्शाये गये हैं।

Instructions :
(i) This question paper contains three Parts : 'A', 'B' and 'C'.
(ii) Part 'A' is compulsory for all candidates.
(iii) Candidates shall attempt only **one** part of the remaining Parts 'B' and 'C'.
(iv) All parts of a question should be attempted together.
(v) Marks for each question are indicated against it.

भाग – 'क' (लेखाशास्त्र)
Part – 'A' (Accountancy)

1. अधिमान अंशों के कोई चार प्रकार समझाइये। 2
Explain any four kinds of Preference Shares.

2. 'लाभ–प्राप्ति अनुपात' और 'त्याग–अनुपात' में कोई दो अन्तर बताइए। 2
Give any two points of difference between 'Gaining Ratio' and 'Sacrificing Ratio'.

3. परिवर्तनशील पूँजी एवं स्थायी पूँजी में कोई दो अन्तर बताइये। 2
Give any two points of distinction between fluctuating capital and fixed capital.

4. कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना क्या है ? स्पष्ट कीजिए। 2
What is Employees Stock Option Scheme ? Clarify.

5. A और B एक फर्म में साझेदार हैं। निम्नलिखित मामलों में साझेदारों के दावों की सत्यता बतायें, यदि साझेदारी संलेख में कोई प्रावधान नहीं है :
(i) A एक सक्रिय साझेदार है। वह प्रति वर्ष ₹ 10,000 वेतन की माँग करता है।
(ii) B ने फर्म को ऋण दिया है। वह ऋण पर 10% वार्षिक दर से ब्याज की माँग करता है।
(iii) A और B ने पूँजी के रूप में क्रमशः ₹ 10,000 और ₹ 20,000 फर्म में लगा रखे हैं। A चाहता है कि लाभों का बँटवारा बराबर हो। 3
A and B are partners in a firm. State whether the claim is valid if the partnership agreement is silent in the following matters :
(i) A is an active partner. He wants a salary of ₹ 10,000 per year.
(ii) B had advanced a loan to the firm. He claims interest @ 10% per annum.
(iii) A and B contributed ₹ 10,000 and ₹ 20,000, respectively as capital. A wants that the profits be shared equally.

[P.T.O.

6. मोहन लि. की अधिकृत पूँजी ₹ 2,00,000 है जो कि ₹ 10 वाले 20,000 समता अंशों में विभाजित है। इसमें से 12,000 समता अंश जनता को निर्गमित किए गये और इस सम्बन्ध में ₹ 2 आवेदन–पत्र, ₹ 4 आबंटन पर एवं ₹ 4 प्रथम तथा अन्तिम याचना पर देय हैं। सभी राशियां यथासमय प्राप्त हो गयी हैं। कम्पनी की पुस्तकों में जर्नल के आवश्यक लेखे कीजिए। 3

The authorised capital of Mohan Ltd. is ₹ 2,00,000; which is divided in 20,000 equity shares of ₹ 10 each. Out of these shares, 12,000 equity shares have been issued to the public payable as : ₹ 2 on application, ₹ 4 on allotment and ₹ 4 on first and final call. All the amounts have been duly received. Pass the necessary journal entries in the books of company.

7. 31-12-2012 को समाप्त हुए वर्ष के लिए आगम एवं शोधन खाता ₹ 10,000 की डेबिट प्रविष्टि दर्शाता है। उपलब्ध सूचनाओं से यह पाया गया है कि –

31-12-2011 को अदत्त चंदा ₹ 2,000 था।

31-12-2012 को अदत्त चंदा ₹ 4,000 था।

31-12-2011 को अग्रिम प्राप्त चंदा ₹ 3,000 था।

31-12-2012 को अग्रिम प्राप्त चंदा ₹ 2,000 था।

31-12-2012 को समाप्त हुए वर्ष के लिए चंदे से हुई आय की गणना कीजिए। 4

The Receipt and Payment Account for the year ended 31-12-2012 showed a debit entry of ₹ 10,000. From the information available, it is found that :

Subscription outstanding on 31-12-2011 was ₹ 2,000;
Subscription outstanding on 31-12-2012 was ₹ 4,000;
Subscription received in advance as on 31-12-2011 was ₹ 3,000;
Subscription received in advance as on 31-12-2012 was ₹ 2,000;

Calculate the income from subscription for the year ending 31-12-2012.

8. राम और श्याम 5 : 4 के अनुपात में लाभों को बाँटते हुए साझेदार हैं। वे मोहन को फर्म के 1/3 हिस्से के लिए प्रवेश देते हैं जिसे वह राम से 2/9 और श्याम से 1/9 लेता है और ₹ 1,500 प्रीमियम के रूप में लाता है। मोहन के प्रवेश पर आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए। 4

Ram and Shyam are partners sharing profits in the ratio of 5 : 4. They admit Mohan in the firm for 1/3rd profit which he takes 2/9th from Ram and 1/9th from Shyam and brings ₹ 1,500 as premium. Pass necessary journal entries on Mohan's admission.

9. अन्तर कीजिए – 2+2 = 4

(क) अधिकृत पूँजी व निर्गमित पूँजी (ख) अंशों के हरण और अंशों के समर्पण

Distinguish between —

(a) Authorised Capital and Issued Capital (b) Forfeiture of Shares and Surrender of Shares

10. एक कम्पनी ने ₹ 10 वाले 3,000 समता अंश 10% कटौती पर निर्गमित किये। इन पर ₹ 2 आवेदन पर, ₹ 3 आबंटन पर और ₹ 5 प्रथम एवं अन्तिम याचना पर देय हैं। राम ने, जिसके पास 800 अंश हैं, प्रथम एवं अन्तिम याचना का भुगतान नहीं किया। अतः उसके अंशों का हरण कर लिया गया और इन्हें 5 प्रतिशत कटौती पर पुनः निर्गमित किया गया। कम्पनी की पुस्तकों में अंशों के हरण एवं पुनःनिर्गमन करने की जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए। 4

A company issued 3,000 equity shares of ₹ 10 each at a discount of 10%. On these shares payments are to be made as follows : ₹ 2 on application, ₹ 3 on allotment and ₹ 5 on first and final call. Ram, who is a holder of 800 shares, has not paid the first and final call, hence, his shares have been forfeited and have been re-issued at a discount of 5%. Make journal entries in the books of the company for the forfeiture and re-issue of shares.

11. निम्नांकित दशाओं में A लि. की पुस्तकों में जर्नल के आवश्यक लेखे कीजिए – 2+2 = 4

(क) ₹ 100 वाले 2,000, 7 % ऋणपत्र सममूल्य पर निर्गमित किये गये हैं और इनका शोधन 4 % प्रीमियम पर किया जाना है।

(ख) ₹ 100 वाले 2,000, 7 % ऋणपत्र 5 % कटौती पर निर्गमित किये गये हैं और इनका शोधन 2½ % प्रीमियम पर होना है।

Pass the necessary journal entries in the books of A Ltd. in the following cases –

(a) 2000, 7 % Debentures of ₹ 100 each are issued at par and are redeemable at 4 % premium.

(b) 2000, 7 % Debentures of ₹ 100 each are issued at 5 % discount and are redeemable at 2½ % premium.

12. निम्नलिखित से त्याग का अनुपात ज्ञात कीजिए – 3+3 = 6

(क) R और S, 7 : 3 के अनुपात में लाभ–लाभ का विभाजन करते हुए साझेदार हैं। T फर्म में नये साझेदार के रूप में प्रवेश करता है और R से 2/7 तथा S से 1/7 प्राप्त करता है।

(ख) X और Y, 7 : 3 के अनुपात में लाभ–हानि का विभाजन करते हुए साझेदारी में हैं। Z को साझेदार के रूप में प्रवेश दिया जाता है। Z के पक्ष में X अपने हिस्से के 1/7 का त्याग करता है और Y अपने हिस्से के 1/3 का त्याग करता है।

Determine the sacrificing ratio from following —

(a) R and S are partners sharing profits in the ratio of 7 : 3. T joins the firm as a new partner and takes 2/7 from R and 1/7 from S.

(b) X and Y have been in partnership sharing profit & Loss in the ratio of 7 : 3. Z is admitted as a partner. X surrenders 1/7 of his share and Y surrenders 1/3 of his share in favour of Z.

अथवा (OR)

एक साझेदारी फर्म ने गत चार वर्षों के दौरान निम्नलिखित शुद्ध लाभ कमाया –

प्रथम वर्ष	₹ 20,000	तृतीय वर्ष	₹ 28,000
द्वितीय वर्ष	₹ 22,000	चतुर्थ वर्ष	₹ 34,000

फ़र्म की विनियोजित पूँजी ₹ 1,20,000 है। जोखिम को ध्यान में रखते हुए पूँजी पर उचित प्रतिफल की दर 10% है। उपरोक्त अवधि से प्राप्त औसत अधिलाभों के तीन वर्ष के क्रय मूल्य के आधार पर ख्याति के मूल्य की गणना कीजिए। 6

A partnership firm earned net profits during the last four years as follows —

Ist Year	₹ 20,000	3rd Year	₹ 28,000
2nd Year	₹ 22,000	4th Year	₹ 34,000

The capital investment of the firm is ₹ 1,20,000. A fair return on the capital having regard to the risk involved is 10%. Calculate the value of Goodwill on the basis of 3 years purchase of average super profits earned during the above mentioned period.

13. टाटा लिमिटेड ने एक प्रविवरण जारी किया जिसमें ₹ 10 वाले 20,000 अंशों के लिए प्रार्थना पत्र आमन्त्रित किए। प्रार्थना पत्र, आबंटन, प्रथम याचना तथा अन्तिम याचना प्रत्येक पर ₹ 2.50 देय होने हैं। 30,000 अंशों के लिए प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। संचालकों ने अंशों का निम्नांकित आबंटन किया –

15,000 अंशों के आवेदकों को	–	सम्पूर्ण आबंटन
9,000 अंशों के आवेदकों को	–	5000 अंश
6,000 अंशों के आवेदकों को	–	कुछ नहीं

जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए, यह मानते हुए कि कम्पनी को आबंटन तथा याचनाओं पर देय सभी राशियाँ प्राप्त हो गई हैं। 6

Tata Ltd. issued a prospectus inviting applications for 20,000 shares of ₹ 10 each, payable on application; on allotment; on first call and on final call ₹ 2.50 each. Applications were received for 30,000 shares. Directors allotted the shares as follows —

To applicants for 15,000 shares	—	Full allotment
To applicants for 9,000 shares	—	5000 shares
To applicants for 6,000 shares	—	Nil

Give journal entries assuming that all sums due on allotment and calls have been received.

अथवा (OR)

शिव लिमिटेड ने ₹ 100 वाले 1,000, 15 प्रतिशत ऋण–पत्र 10 प्रतिशत प्रीमियम पर निर्गमित किए जो निम्नलिखित प्रकार से देय थे –

आवेदन पर	₹ 25 (₹ 5 प्रीमियम सहित)
आबंटन पर	₹ 25 (₹ 5 प्रीमियम सहित)
प्रथम व अन्तिम याचना पर	₹ 60

1,400 ऋण–पत्रों के लिए प्रार्थना–पत्र प्राप्त हुए और सभी आवेदकों को आनुपातिक आबंटन कर दिया गया। आवेदन–पत्र के साथ जो अधिक राशि प्राप्त हुई उसको आबंटन की देय राशि में प्रयोग किया गया। कम्पनी की पुस्तकों में जर्नल की आवश्यक प्रविष्टियाँ कीजिए।

Shiv Limited issued 1,000 15% debentures of ₹ 100 each at a premium of 10% payable as follows —

₹ 25 on Application (including premium of ₹ 5)
₹ 25 on Allotment (including premium of ₹ 5)
₹ 60 on First and Final call

Applications were received for 1,400 debentures and the allotment was made to all applicants proportionately. Money overpaid on application was utilised towards allotment. Pass necessary journal entries in the books of the company.

14. हिन्द क्लब का निम्नलिखित सूचना के आधार पर आय–व्यय खाता, 31 दिसम्बर 2012 के लिए तैयार कीजिए – 6

गत वर्ष के चन्दे वसूल हुए	₹ 40
चालू वर्ष के चन्दे वसूल हुए	₹ 360
चालू वर्ष के चन्दे प्राप्त नहीं हुए	₹ 60

आगम – कमरे का किराया ₹ 20; क्रीड़ा शुल्क ₹ 120; जलपान गृह से प्राप्त रकम ₹ 250.

भुगतान – वेतन ₹ 200; मरम्मत ₹ 24; छपाई तथा लेखन सामग्री ₹ 60; जलपान गृह की सामग्री ₹ 170; चौकीदार की मजदूरी ₹ 136; बिजली ₹ 80 एवं कर व किराया ₹ 100 ।

अदत्त व्यय – मरम्मत व्यय ₹ 16; जलपान गृह सामग्री ₹ 44; रोकड़ बाकी 1 जनवरी, 2012 को ₹ 36 तथा 31 दिसम्बर, 2012 को ₹ 56 ।

On the basis of following information, prepare Income & Expenditure Account in the books of Hind Club for the period of 31st December, 2012 –

Subscription received for the previous year ₹ 40.
Subscription received for the current year ₹ 360.
Subscription not received for the current year ₹ 60.
Receipts — Rent of room ₹ 20; Games Fees ₹ 120; Cash received from canteen ₹ 250.
Payments — Salaries ₹ 200; Repairing ₹ 24; Printing and Stationery ₹ 60; Canteen articles ₹ 170; Wages of Watchman ₹ 136; Electricity ₹ 80 and Rent and Taxes ₹ 100.
Outstanding Expenditure — Repairing expenses ₹ 16; Canteen articles ₹ 44; Cash balance on January 1st, 2012 ₹ 36 and on 31st December, 2012 ₹ 56.

15. A, B और C का आर्थिक चिट्ठा, जो कि लाभों तथा हानियों को क्रमशः 6 : 5 : 4 के अनुपात में बाँटते थे, 31 दिसम्बर, 2012 को निम्न प्रकार था –

पूँजी एवं दायित्व	धनराशि ₹	सम्पत्तियाँ	धनराशि ₹
विविध लेनदार	15,000	भूमि तथा भवन	50,000
देय विपत्र	7,000	फर्नीचर	7,500
पूँजी खाते :		स्टॉक	38,000
A ₹ 40,000		देनदार	15,000
B ₹ 35,000		प्राप्य विपत्र	7,500
C ₹ 25,000	1,00,000	नकद हाथ में	4,000
	1,22,000		1,22,000

यह तय हुआ था कि 1 जनवरी, 2013 को D को शामिल किया जाए और निम्नलिखित शर्तों के अनुसार लाभों में 1/10 हिस्सा दिया जाये –

(i) नया साझेदार D अपने हिस्से की पूँजी के रूप में ₹ 15,000 और ख्याति के लिए ₹ 7,500 नकद लाएगा जिसे पुराने साझेदारों द्वारा सीधे ले लिया जाएगा।

(ii) स्टॉक का पुनर्मूल्यांकन ₹ 34,200 पर और फर्नीचर का ₹ 6,600 पर किया जाएगा।

(iii) अप्राप्य ऋण संचिति ₹ 1,300 से बनेगा।

(iv) भूमि तथा भवन के मूल्य में ₹ 15,000 से वृद्धि होगी।

उपर्युक्त संव्यवहारों को लिखने के लिए रोजनामचा की आवश्यक प्रविष्टियां कीजिए और लाभ–हानि समायोजन खाता बनाइये। 8

Balance Sheet of A, B and C, who shared profits and losses in the ratio of 6 : 5 : 4 respectively, as on 31st December, 2012 was as under :

Capital and Liabilities	Amount ₹	Assets	Amount ₹
Sundry Creditors	15,000	Land and Building	50,000
Bills Payable	7,000	Furniture	7,500
Capital Accounts :		Stock	38,000
A ₹ 40,000		Debtors	15,000
B ₹ 35,000		Bills Receivable	7,500
C ₹ 25,000	1,00,000	Cash in Hand	4,000
	1,22,000		1,22,000

It was decided to admit D on 1st January, 2013 and given him 1/10 share in profits according to the followig terms –

(i) The new partner would bring in ₹ 15,000 as his share in capital and ₹ 7,500 as goodwill in cash which will directly be taken by the old partners.

(ii) Stock would be revalued at ₹ 34,200 and Furniture at ₹ 6,600.

(iii) Provision for bad debts to be made ₹ 1,300.

(iv) Land and Building to be appreciated by ₹ 15,000.

Pass necessary journal entries to record the above arrangements and prepare Profit and Loss adjustment account.

अथवा (OR)

A, B और C, 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभों का विभाजन करते हुए साझेदारी व्यवसाय में हैं। 31 मार्च, 2013 को उनका आर्थिक चिट्ठा निम्नलिखित था –

पूँजी एवं दायित्व	धनराशि ₹	सम्पत्तियाँ	धनराशि ₹
लेनदार	8,000	बैंक	1,600
देय विपत्र	1,600	रहतिया	10,400
पूँजी खाते :		देनदार	12,000
A ₹ 16,000		मशीनरी	9,600
B ₹ 12,000		भूमि और भवन	14,400
C ₹ 10,400	38,400		
	48,000		48,000

A, 1 अप्रैल, 2013 को अवकाश ले लेता है और उस तिथि को फर्म की सम्पत्तियों और दायित्वों का पुनर्मूल्यांकन निम्नलिखित प्रकार किया गया था :

रहतिया	₹ 9,600	देनदार	₹ 11,200
मशीनरी	₹ 8,800	भूमि और भवन	₹ 18,600
लेनदार	₹ 7,900	देय विपत्र	₹ 1,500
		अदत्त व्यय	₹ 800

यह मानते हुए कि उपर्युक्त समायोजनाएँ कर दी गई हैं। A के अवकाश प्राप्ति पर उसके पूँजी खाते के शेष को उसके ऋण खाते में हस्तान्तरित कर दिया जाना है। आवश्यक खाते बनाइए।

A, B and C are in partnership business sharing profits in the ratio of 3 : 2 : 1. Their Balance Sheet as on 31st march, 2013 was as under –

Capital and Liabilities	Amount ₹	Assets	Amount ₹
Creditors	8,000	Bank	1,600
Bills Payable	1,600	Stock	10,400
Capital Accounts :		Debtors	12,000
A ₹ 16,000		Machinery	9,600
B ₹ 12,000		Land and Building	14,400
C ₹ 10,400	38,400		
	48,000		48,000

A retired on April 1, 2013 and on that date assets and liabilities of the firm were revalued as under :

Stock	₹ 9,600	Debtors	₹ 11,200
Machinery	₹ 8,800	Land and Buildings	₹ 18,600
Creditors	₹ 7,900	Bills payable	₹ 1,500
		Outstanding Expenses	₹ 800

Assuming that the above adjustments are duly carried through. After A's retirement, balance in his capital account is transferred to his loan account. Prepare necessary accounts.

भाग – 'ख' (वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)
Part – 'B' (Analysis of Financial Statements)

16. वित्तीय विवरणों के विश्लेषण की किन्हीं दो विधियों को संक्षेप में समझाइये। 2
Explain briefly any two techniques of analysis of financial statements.

17. रोकड़ बहाव विवरण क्या है ? 2
What is cash flow statement ?

18. वित्तीय विवरणों के किन्हीं तीन उद्देश्यों को संक्षेप में समझाइये। 3
Explain briefly any three objectives of financial statements.

19. दर्शाइये कि आप निम्नलिखित अनुपातों की गणना कैसे करेंगे – $1\times3 = 3$
(क) स्कन्ध आवर्त अनुपात (ख) पूँजी आवर्त अनुपात
(ग) परिचालन अनुपात
Show how you will calculate the following ratios –
(a) Inventory turnover ratio (b) Capital turnover ratio
(c) Operating ratio

20. A लि. और B लि. के तुलनात्मक आँकड़े नीचे प्रदत्त हैं –

	A लि.	B लि.
	₹	₹
कुल सम्पत्तियाँ	4,00,000	6,00,000
कुल दायित्व	80,000	2,00,000
स्वामी इक्विटी	3,20,000	4,00,000

प्रत्येक कम्पनी का ऋण–इक्विटी अनुपात निकालिए। 4
The comparative figures of A Ltd. and B Ltd. are given below –

	A Ltd.	B Ltd.
	₹	₹
Total Assets	4,00,000	6,00,000
Total Liabilities	80,000	2,00,000
Proprietors' Fund	3,20,000	4,00,000

Calculate the Debt Equity Ratio for each company.

21. 31 दिसम्बर, 2012 व 2013 के निम्न चिट्ठे एकता लि. द्वारा प्रस्तुत किये गये हैं –

दायित्व	2012 ₹	2013 ₹	सम्पत्तियाँ	2012 ₹	2013 ₹
अंश पूँजी	3,00,000	3,00,000	भवन घटाया ह्रास	2,50,000	2,40,000
सामान्य संचय	13,250	6,000	प्लान्ट घटाया ह्रास	45,000	42,500
विविध लेनदार	4,250	2,000	स्टॉक	2,500	500
			देनदार	7,500	5,000
			रोकड़	12,500	20,000
	3,17,500	3,08,000		3,17,500	3,08,000

वर्ष 2013 में कम्पनी द्वारा की गयी बिक्री ₹ 10,92,500 थी। कम्पनी द्वारा कोई लाभांश नहीं दिया गया है। भवन व प्लान्ट के मूल्यों में परिवर्तन पूर्णतः 2013 के ह्रास के कारण है। रोकड़–बहाव विवरण तैयार कीजिए। 6

Ekta Ltd. has presented the following Balance Sheets as on 31st December, 2012 and 2013 –

Liabilities	2012 ₹	2013 ₹	Assets	2012 ₹	2013 ₹
Share Capitals	3,00,000	3,00,000	Building Less Dep.	2,50,000	2,40,000
General Reserve	13,250	6,000	Plant Less Dep.	45,000	42,500
Sundry Creditors	4,250	2,000	Stock	2,500	500
			Debtors	7,500	5,000
			Cash	12,500	20,000
	3,17,500	3,08,000		3,17,500	3,08,000

Sales made by the company amounted to ₹ 10,92,500 during the year 2013. No dividend has been paid by the company. The changes in Building and Plant Values are fully due to depreciation charges for 2013. Prepare a Cash-Flow statement.

भाग – 'ग' (अभिकलित्र लेखांकन)
Part — 'C' (Computerised Accounting)

16. टैली में सिंगल व मल्टीपल ग्रुप बनाने की प्रक्रिया समझाइये। 2
Explain the process of creating single and multiple groups in Tally.

17. इलेक्ट्रॉनिक स्प्रैडशीट क्या है ? 2
What is electronic spreadsheet ?

18. डाटाबेस प्रबन्ध प्रणाली की कोई तीन विशेषताएँ बताइए। 3
State any three characteristics of database management system.

19. एक्सेल में बनाये जाने वाले छः चार्टों के नाम बताइए। 3
Name any six charts that can be created in Excel.

20. 'आधारभूत पूछताछ' से आप क्या समझते हैं ? 3
What do you mean by 'basic query' ?

21. (क) मैसर्स महेन्द्रा लि. 60 व्यक्तियों को नियुक्त करते हैं, जिनके वेतन में मूल वेतन, महँगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता तथा शहरी क्षतिपूर्ति भत्ता सम्मिलित हैं। भुगतान के निम्नलिखित नियम हैं। भत्तों की गणना करने के लिए निम्नलिखित डाटा का एम.एस. एक्सेस में उपयोग करते हुए एस.क्यू.एल. में प्रश्न लिखिए :
मकान किराया भत्ता : ₹ 30,000 मूल वेतन तक ₹ 5,000; ₹ 40,000 मूल वेतन तक ₹ 6,000; ₹ 50,000 मूल वेतन से अधिक पर ₹ 7,000
शहरी क्षतिपूर्ति भत्ता – मूल वेतन का 30% की दर से लेकिन न्यूनतम ₹ 6,000 4
M/s Mahendra Ltd. employes 60 persons whose salary comprises basic pay, dearness allowance, house rent allowance and city compensatory allowance. The following are the rules that govern the payment. Write the queries in SQL using the following data in MS-Access to compute the allowances :
House Rent allowance : ₹ 5,000 upto a Basic pay of ₹ 30,000; ₹ 6,000 upto basic pay of ₹ 40,000; ₹ 7,000 for basic pay above ₹ 50,000.
City compensatory allowance @ 30% of basic pay subject to minimum of ₹ 6,000.

(ख) निम्न सूचना के आधार पर मासिक व वार्षिक ब्याज की दर की गणना हेतु स्प्रैडशीट फॉर्मूला लिखिए। 3
ऋण की धनराशि – ₹ 10,000 ऋण की अवधि – 5 वर्ष मासिक किस्तों की धनराशि – ₹ 200
Write spread sheet formula to find out monthly and annual rate of interest on the basis of following information –
Loan Amount – ₹ 10,000 Term of loan – 5 years Amount of monthly instalment – ₹ 200

****